दिनांक 13 दिसम्बर, 2021 (सोमवार) को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में सम्पन्न विश्वविद्यालय विद्या परिषद की 22वीं बैठक (By Circulation) **का कार्यवृत्त।**

1.	प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह नेगी, कुलपति, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	अध्यक्ष
2.	प्रोफेसर बी0एस0 पठानिया, रिटायर्ड डीन ऑफ लैंग्वेजेज, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, समर हिल शिमला।	सदस्य
3.	प्रोफेसर डी0पी0 सकलानी, परिसर निदेशक, इतिहास विभाग, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व, हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखण्ड।	सदस्य
4.	प्रोफेसर अभय सक्सेना, डीन, स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेन्ट एण्ड कम्यूनिकेशन, देव संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार।	सदस्य
5.	प्रोफेसर एल0के0 सिंह, प्रबन्ध अध्ययन विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय परिसर, भीमताल।	सदस्य
6.	प्रोफेसर जे0एस0 रावत, एस0एस0जे0 कैम्पस, कुमाऊँ विश्वविद्यालय परिसर, अल्मोड़ा।	सदस्य
7.	प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र, निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
8.	प्रोफेसर दुर्गेश पंत, निदेशक, कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी, विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य

9. प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, — सदस्य
निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

10. प्रोफेसर पी0डी0 पंत, — सदस्य
निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा/परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

11. प्रोफेसर अखिलेश कुमार नवीन, — सदस्य
निदेशक, विधि विद्याशाखा,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

12. प्रोफेसर रेनू प्रकाश, — सदस्य
निदेशक, मानविकी विद्याशाखा,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

13. डॉ मंजरी अग्रवाल, — सदस्य
सहायक प्राध्यापक, प्रबंध अध्ययन,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

14. डॉ0 दिनेश कुमार, — सदस्य
सहायक प्राध्यापक, शिक्षाशास्त्र,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

15. प्रोफेसर एच0एस0 नयाल, — सदस्य सचिव
कुलसचिव, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय 10 में विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष एक बार दीक्षांत समारोह आयोजित किये जाने की व्यवस्था वर्णित है। इस परिनियम के अन्तर्गत विनिर्मित अध्यादेश के अध्याय ग्यारह में भी दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने से संबंधित विस्तृत उल्लेख है।

परिनियमावली की उक्त व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय का षष्टम दीक्षान्त समारोह **दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 (मंगलवार)** को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। नियत तिथि के संबंध में माननीय श्री राज्यपाल/ कुलाधिपति महोदय द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है।

दीक्षान्त समारोह में शैक्षणिक सत्र 2019-20 (दिसम्बर एवं जून) तथा शैक्षणिक सत्र 2020-21 (दिसम्बर एवं जून) में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों एवं शोध उपाधि धारकों को उपाधियॉ प्रदान की जानी है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा ऐसे शोधार्थी जिनकी मौखिक परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है, को शोध उपाधि प्रदान की जायेगी।

उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय-आठ '**मानद उपाधि प्रदान करना**' (धारा 5(चार)) परिनियम 36(4) में वर्णित व्यवस्थानुसार उत्तराखण्ड राज्य के 02 विशिष्ट व्यक्तियों- **श्री सचिदानन्द भारती** एवं **श्री अनूप शाह** को समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विश्वविद्यालय के षष्टम दीक्षान्त समारोह में **मानद उपाधि (Honoris Causa)** प्रदान की जानी प्रस्तावित है।

उक्तानुसार उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का छठा दीक्षान्त समारोह दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 को आयोजित किये जाने संबंधी माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपति जी से प्राप्त स्वीकृति के क्रम में मा0 कुलपतिजी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विश्वविद्यालय विद्या परिषद की 22वीं बैठक दिनांक 13 दिसम्बर, 2021 को By Circulation (एक सूत्रीय कार्यसूची) आयोजित की गयी। विद्या परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति/अनुमोदन प्रदान किया गया है।

कुलसचिव/ सदस्य सचिव, विद्या परिषद
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति/अध्यक्ष, विद्या परिषद

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)